Please check total printed pages before start : 2

2021-2022 (द्वितीय सत्र)

विषय : हिंदी (आधार)

कक्षा : बारहवीं

निर्धारित समय : 2 घंटे | अधिकतम अंक : 40

सामान्य-निर्देश :

1. *निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।*
2. *इन प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।*
3. *इस प्रश्न-पत्र में कुल 07 प्रश्न पूछे गए हैं। आपको 07 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।*
4. *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।*

कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन (20 अंक)

1. निम्नलिखित दिए गए 03 शीर्षकों में से किसी 01 शीर्षक का चयन कर लगभग 200 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : 5×1=5

   (क) जल ही ज़ीवन है, (ख) सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, (ग) दीवार घड़ी

2. कोरोना काल में पुलिस सेवाओं की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए। 1×5

   अथवा

   गाँवों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी का उल्लेख करते हुए किसी प्रमुख समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

3. (1) नाटक किसे कहते हैं? नाटक में अभिनय के महत्त्व का उल्लेख कीजिए। 3×1

   अथवा

   कहानी में कथानक और उद्देश्य के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

   (2) रेडियो नाटक से आप क्या समझते हैं ? 2×1

   अथवा

   नाटक और कहानी में क्या अंतर होता है ? स्पष्ट कीजिए।

4. (1) समाचार कैसे लिखा जाता है ? रचना प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए। 3×1

अथवा

फीचर की विशेषताओं/गुणों का उल्लेख कीजिए।

(2) समाचार से आप क्या समझते हैं ? 2×1

अथवा

समाचार और फीचर में क्या अंतर होता है ?

पाठ्य-पुस्तक आरोह भाग-2 तथा

अनुपूरक पाठ्य-पुस्तक वितान भाग-2 (20 अंक)

5. निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×2

(1) उषा कविता में भोर के नभ की तुलना किससे की गई है और क्यों ? 3

(2) लक्ष्मण के बिना श्रीराम ने अपनी स्थिति किसके समान और कैसी बताई है? 3

(3) फिराक गोरखपुरी की रुबाइयों के आधार पर रक्षाबंधन की सुबह का वर्णन कीजिए। 3

6. निम्नलिखित 04 प्रश्नों में से किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3x3=9$

(1) नमक कहानी के माध्यम से लेखिका द्वारा क्या संदेश दिया गया है ? 3

(2) गाँव में फैली महामारी के समय संजीवनी शक्ति का संचार कौन और कैसे करता था? 3

(3) जाति-प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी व भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही है ? आज क्या स्थिति है ? 3

(4) बाबा भीमराव आंबेडकर समाज को कैसा देखना चाहते थे ? 3

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3+2=5

(1) किस आधार पर सिंधु घाटी सभ्यता को जल संस्कृति भी कहा जा सकता है? 3×1

अथवा

डायरी के पन्ने पाठ के आधार पर ऐन फ्रैंक के व्यक्तित्व की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(2) सिंधु सभ्यता साधन संपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था। कैसे? 2×1

अथवा

ऐन फ्रैंक ने अपनी डायरी में महिलाओं के बारे में क्या कहा है?

[P.T.O.]